राष्ट्रीय सेवा योजना
शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय सूरजपुर, जिला–सरगुजा (छ.ग.)

सात दिवसीय विशेष शिविर – "स्वच्छता के लिये युवा"
शिविर स्थान – ग्राम–पोंडी, विकासखण्ड – रामानुजनगर
शिविर अवधि – 28.01.2017 से 03.02.2017 तक

–: शिविर प्रतिवेदन :–

शासकीय रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय सूरजपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम–पोंडी विकासखण्ड – रामानुजनगर में दिनांक 28/01/2017 से 03/02/2017 तक आयोजित किया गया। शिविर का प्रतिवेदन निम्नानुसार है :–

1. शिविर का आयोजन 28 जनवरी 2017 से 03 फरवरी 2017 तक किया गया। इस सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन ग्राम पंचायत पोंडी की सरपंच **श्रीमती तपेश्वरी**, के मुख्य आतिथ्य तथा विनोद जायसवाल सदस्य एवं सभापति जनपद पंचायत रामानुजनगर की अध्यक्षता में किया गया। उद्घाटन के दौरान आसपास के ग्राम पंचायतों के सरपंचगण, पंचगण, सचिव गण, स्थानीय स्कूलों के शिक्षकगण, छात्र/छात्राऐं तथा ग्रामवासी उपस्थित थे।

2. शिविर के प्रथम दिवस दिनांक 28.01.2017 को शिविर स्थल की साफ–सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पानी की व्यवस्था के साथ–साथ शिविर में ली जाने वाली परियोजना कार्यो का निर्धारण किया गया ।

3. शिविर के थीम "स्वच्छता के लिए युवा" को ध्यान में रखते हुये ग्राम पोंडी के समस्त वार्डों में सफाई कार्य करने के साथ रैलियों के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास किया गया। उक्त कार्यक्रम में स्थानीय लोगों का भी भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ ।

4. शिविर अवधि में ग्राम में स्थित हैण्ड पम्पों के आसपास सफाई कार्य करते हुए सोख्ता गड्ढो का भी निर्माण किया गया साथ ही सड़क मरम्मत तथा ग्राम में स्थित समस्त शासकीय भवनों के आसपास सफाई तथा मरम्मत का कार्य किया गया।

5. शिविर के दौरान बौद्धिक परिचर्चा कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित विभिन्न वक्ताओं द्वारा विभिन्न विषयों जैसे कैशलेस लेनदेन, नशाखोरी,महिला सशक्तीकरण, मतदाता जागरूकता, अशिक्षा तथा बाल विवाह एवं पर्यावरण संरक्षण के संबंध में व्याख्यान दिया गया ।

6. शिविर के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक देवनगर के अधिकारियों द्वारा कैशलेश लेनदेन के संबंध में विभिन्न उपकरणों के माध्यम से शिविरार्थियों तथा ग्रामवासियों को प्रशिक्षण दिया गया।

7. शिविर में स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र देवनगर के मेडिकल टीम द्वारा मरीजों का स्वास्थ परीक्षण कर निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया।

8. शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सूरजपुर के पैरालीगल वालंटियर्स के द्वारा विधिक सहायता से सम्बंधि जानकारी ग्रामीणों को दी गई तथा पम्पलेट वितरण किया गया । विधिक साक्षरता हेतु रैली का भी आयोजन किया गया।

9. ग्रामिणों तथा शिविरार्थियों के मध्य शिविर अवधि में विभिन्न खेलों का आयोजन कर विजेताओं को पुरस्कार भी दिया गया।

10. शिविर के दौरान प्रत्येक दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रमो जैसे – नृत्य, नाटक, गायन इत्यादी का आयोजन कर ग्रामीणो को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इन कार्यक्रमों में ग्रामवासियों की भी सहभागिता रही।

इस सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन दिनांक 03/02/2017 को श्री विजय राजवाड़े जी, सदस्य छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के मुख्य आतिथ्य डॉ. एस.एस. अग्रवाल प्राचार्य शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय सूरजपुर की अध्यक्षता तथा श्री जगदीश सिंह अध्यक्ष सहकारी समिति पोंडी, श्री विनोद जायसवाल सभापति जनपद पंचायत रामानुजनगर, श्री उजित प्रताप सिंह, प्रो. ए.के. पाण्डेय तथा श्री एस.वी.जायसवाल प्राचार्य शा.उ.मा.वि. करंजी के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया । इस दौरान आसपास के ग्रामों के जनप्रतिनिधगण, स्थानीय स्कूलों के शिक्षकगण तथा छात्र/छात्राऐं महाविद्यालय के प्राध्यापकगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। सभी वक्ताओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा किए गए कार्यो की सराहना की तथा राष्ट्रीय सेवा योजना को अपनी शुभकामनाएं दी । समापन अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र/छात्राओं द्वारा रंगारंगा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया ।

कार्यक्रम अधिकारी (रासेयो)
शास.रे.र.मि.स्नातकोत्तर महाविद्यालय
सूरजपुर
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
शासकीय महाविद्यालय, सूरजपुर

प्राचार्य
शास.रे.र.मि.स्नातकोत्तर महाविद्यालय
सूरजपुर
Principal
Govt. R.R.M. College
Surajpur (C.G.)